आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 16.04.2026 समय : 02.10PM

**लोकसभा महिला आरक्षण** **16.04.2026/02.10PM**

संसद का तीन दिवसीय विशेष अधिवेशन आज से शुरू हो गया है जो 18 अप्रैल तक चलेगा। सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए चर्चा की जा रही है। इस अधिनियम में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक विकासशील भारत में महिलाओं की शक्ति सुनिश्चित करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश और महिलाएं इसका समर्थन कर रही हैं। भाजपा सांसद संध्या राय ने कहा कि यह देश में महिला सशक्तिकरण का एक ऐतिहासिक दिन है।

इधर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने विधेयक के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रगति की नई मिसाल बनेगा।

**जनगणना-2027**

देश के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना 2027 के पहले चरण के अंतर्गत घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना का काम आज से शुरू हो गया है। यह अभियान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, नई दिल्ली नगर पालिका और दिल्ली छावनी बोर्ड के क्षेत्रों में आज से हो रहा है। यह अभियान 15 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर लोगों से आंकड़े जुटाएंगे।

इधर प्रदेश में आज से शुरू हुई जनगणना के तहत मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भोपाल निवास में स्व-गणना का फॉर्म भरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के समग्र विकास को गति देने और योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के लिए यह प्रक्रिया बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील

करते हुए कहा कि स्व-गणना का फॉर्म भरें और जब जनगणना की टीम घर आए, तब सभी आवश्यक जानकारियां उन्हें अवश्य दें। यह बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए है।

**यूजीसी-नारी शक्ति अधिनियम**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग- यूजीसी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। यूजीसी ने कहा कि इन पहलों से लैंगिक समानता, संवैधानिक मूल्यों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व के महत्व पर सार्थक संवाद को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही, यह पहल समावेशी और सहभागी शासन की परिकल्पना में भी योगदान दे रही है।

ये कार्यक्रम देशभर के लगभग 777 संस्थानों में आयोजित किए गए, जिनमें 26 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 32 राज्य विश्वविद्यालय और 719 कॉलेज शामिल हैं। इनमें एक लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में पारा चढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने रतलाम, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में आज लू चलने की चेतावनी जारी की है। शिवपुरी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आज सुबह से ही तेज धूप निकली। सुबह से ही तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है। तेज धूप के कारण गर्मी का असर बढ़ गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

- जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए आगरमालवा जिले के प्रगणक एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आज से प्रारंभ हुआ। जो 25 अप्रैल तक चलेगा।

- शिवपुरी जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं खरीदी के लिए 45 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कल से खरीदी का कार्य शुरू हो गया है।
- डिंडौरी के शासकीय महाविद्यालय में कल “नारी शक्ति वंदन सम्मान” विषय पर निबंध लेखन एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।
- जल गंगा संवर्धन अभियान' और 'मनरेगा' कार्य में लापरवाही पर कटनी जिला पंचायत सीईओ ने विजयराघवगढ़ उपयंत्री को कार्यमुक्त करते हुए, मानदेय में 50% की कटौती की गई है।